**कार्यक्रम** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरही में आयोजित होगा कार्यक्रम, अधिकारियों ने लिया तैयारियां का जायजा

# कृषि महोत्सव में शमिल होंगे सीएम, तैयारियां तेज

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 14 मार्च को कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बरही के विजयनाथ धाम के मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ मोहन यादव का यह पहला बरही आगमन है, लिहाजा विधायक संजय पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हाल ही में कैबिनेट द्वारा स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की लगभग 50



हजार एकड़ की कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी, जिससे हर खेत को पानी का सपना साकार होगा। यह कदम स्थानीय किसानों की आर्थिक समृद्धि और कृषि उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर जबलपुर जोन के आईजी प्रमोद वर्मा ने बरही पहुंचकर हेलीपैड, रोड शो मार्ग, और सभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्थाओं का से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और यातायात प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद विधायक और कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के परिसर में बने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया और आभार रैली रोड शो के मार्गों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने मौके पर मौजूद एसडीओपी और टीआई को यातायात व्यवस्था व्यवस्थित करने की हिदायत दी। विधायक और कलेक्टर ने बरही के बड़ा तालाब पहुंचकर यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जाने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के शुभारंभ स्थल का अवलोकन किया। आभार रैली रोड शो बड़ा तालाब से सुभाष चौक, अमन बुक डिपो, कमानिया गेट से होते हुए श्रीविजयनाथ धाम मंदिर स्थित सभास्थल पहुंचेगा। मुख्यमंत्री की अगवानी के लिए पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विधायक संजय पाठक ने क्षेत्रवासियों से कहा है कि यह उत्सव किसानों की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान एक भव्य रोड शो और रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर क्षेत्र की जनता पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करेगी। बरही चलो के नारों के साथ गांव-गांव में पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।



## अतिथि शिक्षकों को दिया जाए 50 प्रतिशत आरक्षण

**मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत, कटनी।** अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने अपनी समस्याएं सुनाई और सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की। जिला अध्यक्ष शुभम नायक ने कहा कि राज्य के अतिथि शिक्षक पिछले 16 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 17 मार्च 2026 तक उनकी 26 सूत्रीय मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो 19 मार्च से भोपाल में जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों की सबसे बड़ी मांग यह है कि उन्हें हरियाणा सरकार के मॉडल की तरह नियमित किया जाए। वे चाहते हैं कि उनके अनुभव और वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें संविदा शिक्षक का दर्जा मिले। इसके अलावा शिक्षकों ने मांग की है कि उनका कार्यकाल 12 महीने का किया जाए और उन्हें रिटायरमेंट की उम्र तक नौकरी की गारंटी दी जाए। शिक्षकों ने मांग उठाई है कि साल 2005, 2008 और 2011 की पात्रता परीक्षा की मार्कशीट को हमेशा के लिए मान्य किया जाए। साथ ही वे भर्ती परीक्षाओं में उम्र की छूट और अतिथि शिक्षकों के लिए अलग से काउंसलिंग कराने की मांग कर रहे हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2023 के खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है।

### एक नजर में

## संकल्प से किया 47 हजार आवेदनों का समाधान

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से अब तक 47 हजार 109 आवेदनों का निराकरण किया गया है। अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर और शिविर लगाकर जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए 15 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे। इस दौरान 52 हजार 169 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 45 हजार 924 आवेदन स्वीकृत हुए और 1 हजार 185 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं, वहीं 5 हजार 60 आवेदन निराकरण के लिए लंबित है। अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर और नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे। इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहें हैं। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से निर्धारित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किए जाएंगे। क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने के लिए समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

## छात्रों से ढुलवाई गई परीक्षा के प्रश्नपत्रों से भरी पेटियां

**शिकायत कर की गई कार्रवाई की मांग, वीडियो हुआ वायरल**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद विकासखंड स्थित पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा छात्रों से बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के बक्से उठवाने का मामला सामने आया है। शिक्षक स्वयं बाइक पर सवार होकर चल रहे थे, जबकि छात्र तपती धूप में भारी बक्से सिर पर रखकर पैदल चल रहे थे। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। यह घटना बुधवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक सत्येन्द्र पटेल बाकल पुलिस थाने पहुंचे थे। उन्हें वहां से बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के बक्से



लेने थे। हैरानी की बात यह है कि शिक्षक अपने साथ माध्यमिक शाला के कक्षा 6वीं के उन छात्रों को ले गए थे, जो स्वयं परीक्षा देने स्कूल आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चिलचिलाती धूप में इन बच्चों के सिर पर भारी बक्से रखवा दिए गए और उन्हें लगभग 400 मीटर तक पैदल चलाया गया। इस दौरान शिक्षक सत्येन्द्र पटेल बच्चों की मदद करने के बजाय अपनी बाइक पर सवार होकर उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। राहगीरों ने जब यह दृश्य देखा तो वे दंग रह गए और कुछ लोगों ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल में कैद कर लिया।

इस अमानवीय कृत्य की शिकायत महिला शिक्षक कीर्ति राक्से ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि जब वह दोपहर में घर जा रही थीं, तब उन्होंने बच्चों को इस स्थिति में देखा।टोकने पर भी शिक्षक ने कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद है।

## कांग्रेस ने लगाए विधायक पर आरोप, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता में लगाए आरोप**

**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 14 मार्च के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम के बीच जिले में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता नीरज सिंह बघेल ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन कर विजयराघवगढ़ विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक संजय पाठक के साथ मंच साझा नहीं करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया था कि विधायक पाठक की




कंपनियों पर करीब 473 करोड़ रुपए का खनिज राजस्व बकाया है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया है कि क्या यह राशि सरकारी खजाने में जमा हो गई है कि नहीं। विजयराघवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को सौंपे मांग पत्र में विधायक परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें मुख्य रूप से डिंडोरी, सिवनी और उमरिया में आदिवासियों के नाम पर 1143 एकड़ बेनामी जमीन खरीदने और सहारा इंडिया के निवेशकों के पैसे से कौड़ियों के दाम खरीदी गई 309 एकड़ जमीन को जब्त करने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पांच प्रमुख सवालों के जवाब मांगे हैं। उन्होंने पूछा है कि विधानसभा में स्वीकार की गई 443 करोड़ की रिकवरी का डिमांड नोटिस कब जारी होगा और आदिवासियों की बेनामी संपत्ति पर सरकार क्या एक्शन लेगी। सहारा निवेशकों की जमीन मामले में एफआईआर और नगर सुधार न्यास की जमीन वापस लेने पर भी सरकार की चुप क्यों है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वे प्रदेश के मुखिया के तौर पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे विधायक के साथ उनका मंच पर दिखना लोकतंत्र के लिए सही संदेश नहीं होगा। कांग्रेस ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक मुख्यमंत्री को विधायक पाठक से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

## राष्ट्र सम्मान से खिलवाड़, पाठ्य पुस्तकों में परोसा जा रहा नाश्ता

**जांच के लिए बनाई जाए टीम, सख्त कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल क्षेत्र में राष्ट्रसम्मान से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों और ठेलों पर पुरानी पाठ्य पुस्तकों के पन्नों में नाश्ता और अन्य सामग्री परोसी जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इन फटे पन्नों में कई स्थानों राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और राष्ट्रध्वज अंकित सामग्री भी शामिल है, जो उपयोग के बाद कूड़े में फैंकी जा रही है। मामला बाकल सहित आसपास के



ग्रामीण इलाकों का है, जहां दुकानदार सुविधा के नाम पर किताबों के पन्नों को पैकिंग सामग्री की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। सड़कों और दुकानों के आसपास कचरे के ढेरों में ऐसे पन्ने बिखरे देखे जा सकते हैं, जिन पर राष्ट्रीय महत्व की सामग्री छपी हुई है। यह दृश्य स्थानीय नागरिकों में आक्रोश पैदा कर रहा है और शिक्षित व्यक्तियों पर कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ स्वच्छता का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रसम्मान से जुड़ा विषय है। पाठ्यपुस्तकों का इस तरह उपयोग और उनका अपमानजनक तरीके से कूड़े में फैंका जाना आपत्तिजनक है। नागरिकों ने प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है साथ ही कहा कि खाद्य सामग्री देने में किताबों-कॉपी के पन्नों के उपयोग पर तत्काल रोक लगे। पुरानी किताबें खरीदने वाले कबाड़ियों के गोदामों की जांच हो, पाठ्यसामग्री का विधिवत निस्तारण किया जाए। होटल, ठेले और नाश्ते की दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया जाए। लोगों ने यह भी सुझाव दिया है कि अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में एक विशेष जांच दल गठित कर छापेमार कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। यह समस्या सिर्फ एक स्थान तक सीमित नहीं है। ऐसी शिकायतें बहोरीबंद, कुआं, बाकल, इमलिया सहित आसपास के कई ग्रामों से सामने आ रही हैं। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लापरवाही व्यापक असंतोष का कारण बन सकती है। प्रशासन को राष्ट्रसम्मान से जुड़े इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।

## हत्या कर जंगल में फेंका शव, आरोपियों की तलाश शुरू

**रीठी थाने के इमलिया मोड़ में वारदात, क्षेत्र में तनाव**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के इमलिया मोड़ के पास पारधी समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। युवक पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला किया था, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गय और फिर उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने वारदात के बाद शव को जंगल में फेंक दिया था। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय युवक अपनी पत्नी के साथ देवगांव से बिरूहली की ओर जा रहा था। इसी दौरान इमलिया मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे करीब आधा दर्जन लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। बताया जा रहा है कि किसी पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा। गंभीर मारपीट के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और शव को पास के जंगल में फेंक दिया। वारदात की सूचना मिलते ही रीठी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने सर्च अभियान चलाया और जंगल से युवक का शव बरामद कर लिया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार वारदात कि 11 मार्च की शाम लगभग साढ़े 6 बजे की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का महौल बना हुआ है।

## प्राथमिकता के आधार पर करें जनगणना का कार्य

**ढीमरखेड़ा में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देश**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा में जनदप पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी युजवेंद्र कोरी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य



राष्ट्रीय कार्य है। इसे पूरे मनोयोग से समय सीमा में जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिकता देते हुए संपादित करें। बैठक में जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया, ताकि जनगणना कार्य पूरी शुद्धता से हो। बैठक के बाद जनपद पंचायत के सीईओ ने विभागीय योजनाओं मनरेगा, स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई।

## पांच स्थानों में होगा लोक अदालत का आयोजन

**नवभारत, कटनी।** शासन निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम कटनी द्वारा 14 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर के पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय और सुभाष चौक में किया जाएगा। नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। निगमायुक्त ने नागरिकों की सुविधा और लोक अदालत के सफल आयोजन की तैयारियों के निर्देश दिए हैं।






**सुविधा** वंशरूप वार्ड के खेरमाई मंदिर परिसर में बनाई जाएगी बाउंड्रीवॉल और शेड, महापौर की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन

# सभी वार्डों में सड़क, नालियां, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास के इसी क्रम में वंशरूप वार्ड अंतर्गत खेरमाई मंदिर, चंदी की दफाई क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल और शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। हुआ।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, क्षेत्रीय पार्षद सुमित्रा रावत सहित में वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में



बाउंड्रीवॉल और शेड निर्माण होने से क्षेत्र अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों के विकास को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के कार्य भविष्य में भी लगातार कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ निर्माण कार्य कराना ही नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना भी है। इसी दिशा में सड़कों, नालियों, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुमित्रा रावत ने कहा कि वंशरूप वार्ड में लंबे समय से मंदिर परिसर की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की जा रही थी। बाउंड्री वॉल और शेड निर्माण कार्य प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और मंदिर परिसर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित रहेगा।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड के विकास के लिए आगे भी इसी प्रकार कार्य किए जाते रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विकास कार्य के लिए महापौर और क्षेत्रीय पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शशिकांत तिवारी, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, विनोद लाला यादव भुट्ट, सरला संतोष मिश्रा, सुशीला मिश्रीलाल, समाजसेवी संजय तिवारी, राजू शर्मा, उर्मिला पटेल, सुधा द्विवेदी, सुशीला पटेल, कीर्ति केवट, संगीता पटेल, सुभद्रा पटेल, मनीषा पटेल, रानी पटेल सहित काफी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थिति रही।





